कृपया तुरंत / Urgent please

बैठक सूचना / Meeting Notice

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया
दमण - 396 220

~~~~~~

सं. रा.भा. 7(1)/नराकास बैठक/2019/69

दिनांक : 09 /07/2019

सेवा में,

सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं
सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
दमण ।

विषय : राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण की 35वीं संयुक्त बैठक की सूचना ।

महोदय,

सादर सूचित करना है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण की 35वीं संयुक्त बैठक माननीय प्रशासक के सलाहकार, दमण एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली, दमण की अध्यक्षता में यथाशीघ्र आयोजित की जाएगी । उक्त बैठक में दिनांक 01 जनवरी से 30 जून, 2019 के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किये गए कार्यों के बारे में समीक्षा की जाएगी एवं राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के बारे में निर्णय लिये जाएंगे ।

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त अवधि की हिन्दी रिपोर्ट 03 दिनों के भीतर निश्चित रूप से भिजवाने का कष्ट करें, ताकि उक्त बैठक में समीक्षा हेतु समेकित रिपोर्ट तैयार की जा सके ।

भवदीय

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (राजभाषा),
दमण

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :

1. प्रशासक के निजी सचिव, सचिवालय, दमण ।
2. प्रशासक के सलाहकार की निजी सचिव, सचिवालय, दमण ।
3. सचिव (वित्त/राजभाषा), सचिवालय, दमण ।
4. कार्यालय प्रति ।
~~~~~~